बिहार स्टेट फूड एण्ड सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन लि0

खाद्य भवन, दारोगा प्रसाद राय पथ, आर0ब्लॉक रोड नं0-2 पटना-01

पत्रांकः-2:05:206:1:2014 पार्ट 2 678 परिवहन/पटना, दिनांक- 19/01/18

प्रेषक,

पंकज कुमार,भा0प्र0से0
प्रबंध निदेशक।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी,
बिहार।

विषयः- **निर्धारित आवश्यकता और कार्यरत परिवहन अभिकर्त्ता से उत्पन्न रिक्ति के विरूद्ध परिवहन अभिकर्त्ता (मुख्य एवं डोर स्टेप डिलेवरी) की नियुक्त करने के संबंध में।**

प्रसंगः- **निगम मुख्यालय का पत्रांक 2175 दिनांक 04.03.17, पत्रांक 3253 दिनांक 06.04.17, पत्रांक 8478 दिनांक 23.08.17 एवं पत्रांक 11856 दिनांक 22.11.17**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्रों से आपके जिला हेतु परिवहन-सह-हथालन अभिकर्ता (मुख्य) एवं परिवहन हथालन-सह-आपूर्ति अभिकर्ता (डी0एस0डी0) के लिए निर्धारित आवश्यकता, उसके विरूद्ध कार्यरत एवं रिक्ति की जिलावार सूची संलग्न करते हुए अनुरोध किया गया था, कि रिक्ति के विरूद्ध परिवहन अभिकर्त्ताओं की नियुक्ति की प्रक्रिया **एक माह के अन्दर हर हाल में पूरी कर ली जाय** ताकि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं अन्य योजनाओं के अन्तर्गत आवंटित खाद्यान्न का नियमानुसार निर्धारित समय-सीमा के अन्तर्गत उठाव एवं वितरण सुनिश्चित किया जा सके और खाद्यान्नों को व्ययगत होने से बचाया जा सके।

अद्यतन समीक्षा के कम में पाया गया है कि कई जिलों में परिवहन अभिकर्त्ता का अवधि समाप्त होने के बावजूद न तो अवधि विस्तार दिया जा रहा है और न ही निविदा निकाली जा रही है। अभी भी कई जिलों में मुख्य परिवहन अभिकर्त्ता की रिक्तियाँ रहने के वाबजूद इसमें निविदा नहीं निर्गत की जा रही है- यथा मोतिहारी जहाँ 5 की आवश्यकता के विरूद्ध मात्र 3 परिवहन अभिकर्त्ता कार्यरत हैं एवं 2 रिक्त है। इसी प्रकार मुजफ्फरपुर जिले में 2, पूर्णियाँ में 2, गया में 2 रिक्तियाँ हैं। मधुबनी, समस्तीपुर, मोतिहारी, औरंगाबाद, कटिहार, बाँका, नवादा, गया, मुंगेर जिलों में निविदा प्राप्त होने के बावजूद चयन नहीं हुआ है। परिवहन अभिकर्त्ता की कमी के कारण खाद्यान्न को रैक से भेजने एवं FCI से उठाव में बिलंब होने के कारण खाद्यान्न का प्रेषण/वितरण में बिलंब हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि परिवहन अभिकर्त्ताओं की कमी के कारण खाद्यान्न का उठाव एवं वितरण में विलम्ब के कारण फूड कैलेण्डर लागू होने में कठिनाई होती है एवं कई जिलों में खाद्यान्न आगामी महीने में भेजा जाता है जो वांछनीय नहीं है।

इस संबंध में पुनः अनुरोध है कि रिक्ति के विरूद्ध परिवहन अभीकर्त्ताओं की नियुक्ति की प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर ली जाय ताकि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं अन्य योजनाओं के अन्तर्गत आवंटित खाद्यान्न का नियमानुसार निर्धारित समय-सीमा के अन्तर्गत उठाव एवं वितरण सुनिश्चित किया जा सके और खाद्यान्नों को व्ययगत होने से बचाया जा सके।

विश्वासभाजन

अनु0-परिवहन अभिकर्ता की रिक्ति की सूची।

18/1/2018

(पंकज कुमार)
प्रबंध निदेशक।

जिलो में कार्यरत परिवहन अभिकर्ता से सम्बन्धित अद्यतन स्थिति दिनांक 15.01.2018

		परिवहन अभिकर्त्ता (मुख्य)			परिवहन अभिकर्त्ता (डोर स्टेप डिलेवरी)		
क्र०	जिला	परिवहन अभिकर्त्ता की आवश्यकता	वर्त्तमान में नियुक्त एवं कार्यरत परिवहन अभिकत्ताओं की संख्या	रिक्ति	परिवहन अभिकर्त्ता की आवश्यकता	वर्त्तमान में नियुक्त एवं कार्यरत परिवहन अभिकत्ताओं की संख्या	रिक्ति
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	पटना	3	5	—	7	6	1
2.	नालन्दा	3	3	—	6	9	—
3.	भोजपुर	3	2	1	5	6	—
4.	औरंगाबाद	3	3	—	5	3	2
5.	नवादा	2	1	1	4	2	2
6.	सारण	3	2	1	7	6	1
7.	गोपालगंज	2	2	—	5	4	1
8.	मुजफ्फरपुर	4	2	2	10	5	5
9.	बेतिया	4	3	1	8	3	5
10.	मोतिहारी	5	3	2	11	7	4
11.	सहरसा	2	2	—	4	2	2
12.	मधेपुरा	2	1	1	5	7	—
13.	पूर्णिया	3	1	2	7	4	3
14.	अररिया	2	1	1	7	1	6
15.	कटिहार	2	2	0	7	1	6
16.	किशनगंज	1	1	—	4	1	3
17.	खगड़िया	2	1	1	4	1	3
18.	बाँका	2	2	—	4	2	2
19.	बक्सर	2	2	—	2	3	—
20.	रोहतास	4	4	—	5	4	1
21.	कैमुर	2	5	—	3	7	—
22.	गया	3	1	2	8	5	3
23.	जहानाबाद	1	1	—	2	3	—
24.	अरवल	1	1	—	1	1	—
25	सिवान	2	2	—	6	6	—
26.	वैशाली	2	2	—	8	1	7
27.	सीतामढ़ी	3	3	—	8	6	2
28.	शिवहर	1	1	—	1	2	—
29	दरभंगा	3	4	—	9	9	—
30	मधुबनी	4	3	1	10	6	4
31	समस्तीपुर	3	2	1	10	6	4
32	सुपौल	2	2	—	5	3	2
33	मुंगेर	1	—	1	3	2	1
34	जमुई	1	1	—	4	3	1
35	लखीसराय	1	1	—	2	1	1
36	शेखपुरा	1	1	—	1	2	—
37	बेगूसराय	2	3	—	7	5	2
38	भागलपुर	2	3	—	6	3	3
	योग	89	79	18	211	148	77

S*KG_ Trnspt: 356